शिविर | केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के शिविर में भाग ले रहे 30 प्रशिक्षणार्थी

# टेबल टेनिस प्रशिक्षण से किया एकाग्रता पर फोकस



**जबलपुर,22 मई।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मशाल परिसर में आयोजित ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए एकाग्रता के माध्यम के रूप में विकसित हो रहा है।

शिविर में प्राप्त कर रहे 30 लड़के व लड़कियों का मानना है कि जब से उन्होंने टेबल टेनिस खेलना शुरु किया है, उनकी एकाग्रता का स्तर पूर्व की तुलना में ज्यादा अच्छा हो गया है। इस बार के शिविर में लड़कियों की भागीदारी पूर्व की तुलना में बेहतर देखने को मिली है। 20 लड़कियां टेबल टेनिस के प्रशिक्षण शिविर में बढ़-चढ़ कर भाग ले रही हैं।

### परिषद के महासचिव ने किया शिविर का अवलोकन

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने गत दिवस टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन कर नवोदित टेबल टेनिस खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। प्रात:कालीन सत्र में नवोदित टेबल टेनिस खिलाड़ी एमपी पावर के वरिष्ठ खिलाड़ी हितेश परमार, पंकज खत्री व सुरेन्द्र इंगले से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### नवोदित खिलाड़ियों ने अल्प समय में ही दक्षता हासिल की

तीनों प्रशिक्षक नवोदित टेबल टेनिस खिलाड़ियों को सर्विस, बैंक हेंड, पुश, चॉप, शॉट व टॉप स्पिन की बारीकियों से अवगत करवा रहे हैं। नवोदित खिलाड़ियों ने अल्प समय में ही टेबल टेनिस में दक्षता हासिल कर ली है।

### मैच भी आयोजित किए जाते हैं

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का मानना है कि सही प्रशिक्षण मिलने से उनके खेल में पूर्व की तुलना में सुधार हुआ है और वे भविष्य में आयोजित होने वाली किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रत्येक दिन प्रशिक्षण के उपरांत खिलाड़ियों के मध्य मैच का आयोजन किया जाता है। इन मैचों के आयोजन से टेबल टेनिस के नवोदित खिलाड़ियों में मैच टेम्परामेंट भी विकसित किया जा रहा है।



# नर्मदा क्लब की गोलबाजार पर आसान जीत

अण्डर 14 वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता

**जबलपुर 22 मई।** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में शिवाजी मैदान में आयोजित अण्डर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए मैच में नर्मदा क्रिकेट क्लब ने गोलबाजार क्लब को 9 विकेट से हराया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए गोलबाजार क्लब ने 22 ओवर में 9 विकेट खोकर 105 रन बनाए। मनोनीत सर्वाधिक 38 और इग्नोर सिंह ने 16 रन का योगदान दिया। नर्मदा क्लब से अर्पित और अदिति ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नर्मदा क्लब की टीम ने 14.2 ओवर में एक विकेट होकर 107 रन बनाकर मैच जीत लिया। सर्वाधिक 46 रन शानू ने बनाए। आदित्य ने 33 रन का योगदान दिया। नर्मदा क्लब के शानू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार किशोर बेन द्वारा प्रदान किया गया।

### मनोनीत नाथन बने मैन ऑफ द मैच

शुक्रवार को हेड क्वार्टर और गोल बाजार के मध्य मैच खेला खेला गया। हेड क्वार्टर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 93 रन बनाए। प्रत्यक्ष ने 15 और अनिकेत ने 14 रन का योगदान दिया। गोलबाजार की तरफ से आराध्य और अयान ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गोलबाजार की टीम ने निर्धारित लक्ष्य 23.4 ओवर में पांच विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। मनोनीत नाथन ने नवाद 52 रस बनाए। हेड क्वार्टर की तरफ से दिव्यांश ने दो विकेट लिए। गोल बाजार के मनोनीत नाथन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गौरव जौनसारी द्वारा प्रदान किया गया।

# फ्रीडम बॉयज, एफ 4 और एफ 1 की टीमें जीती

स्वर्गीय आरएस त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वावधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के तहत फ्रीडम बॉयज ने रेहान बॉयज को 4 विकेट से, एफ 4 ने ए 1 को 36 रन से और एफ 1 ने एफ 9 को 36 रन से शिकस्त देकर शानदार जीत दर्ज की। अंतरअनुभागीय स्पर्धा के इन मुकाबलों के परिणाम स्वरूप भरण एक टीम सेमीफाइनल में और स्न4 क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है।



पहले मैच में रेहान बॉयज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 86 रनों का स्कोर खड़ा किया। फ्रीडम बॉयज की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए चीनी ने 2 ओवर में मात्र 10 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। जवाब में उतरी फ्रीडम बॉयज की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए महज 8.3 ओवरों में 87 रन बनाकर 4 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए चीनी को मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में टॉस जीतकर ए 1 ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। मैदान पर उतरी स्न4 ने निर्धारित 10 ओवरों में 107 रनों का मजबूत स्कोर बनाया, जिसमें निखिल ने महज 20 गेंदों पर 36 रनों की तूफानी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ए-1 टीम एफ-4 की कसी हुई गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आई और 10 ओवरों में केवल 71 रन ही बना सकी। एफ-4 ने यह मुकाबला 36 रनों से जीत लिया और निखिल को उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मैच में स्न1 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 10 ओवरों में 85 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया, जिसमें विवेक ने 12 गेंदों पर 18 रनों का उपयोगी योगदान दिया। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एफ-9 टीम एफ-1 के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती दिखी और 10 ओवरों में केवल 49 रनों पर ही ढेर हो गई। इस प्रकार एफ-1 ने यह मैच 36 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विवेक को इस मुकाबले का मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### अतिथियों की रही उपस्थिति

इस खेल आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवक राजेश मिश्रा, पत्रिका समाचार के वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानी रजक, सुरक्षा कर्मचारी यूनियन के महामंत्री आनंद शर्मा, भरण एवं भरण एक टीम के मैनेजर अनिल गुप्ता तथा पूजा पटेल, पूजा कुशवाहा एवं रिंकी यदुवंशी उपस्थित रहीं। मैदान पर अंपायर की भूमिका अपूर्व श्रीवास्तव, कमलेश तिवारी, जसवंत रावत, मुकेश मैडी, अनुपम भौमिक एवं सुधीर सिंह ने निभाई, जबकि कॉमेंटेटर के रूप में ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह एवं सुनील खत्री रहे। स्कोरर की भूमिका चंदन पटेल, अनुज मिश्रा एवं कुणाल ने निभाई। इस अवसर पर यूनियन के राकेश रंजन, अखिलेश पटेल, राकेश शर्मा, अनिल गुप्ता, धर्मेंद्र रजक, महेंद्र रजक, जीवन सिंह, मोनू चौधरी, प्रकाश रावत, कल्याण सिंह, हृदेश यादव, मुकेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गीतों से सजी सुरमयी शाम

**नवभारत, जबलपुर।** संगीत प्रेमियों के लिए आयोजित एक भव्य सांस्कृतिक संध्या में हिंदी और भोजपुरी गीतों कीमधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन शोभा सिंह द्वारा किया गया, जिनकेकुशल नेतृत्व और मेहनत से यह आयोजन बेहद सफल और यादगार बना। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों नेतालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक के रूप में डॉ. अनिलबाजपेयी की विशेष भूमिका रही। मंच संचालन का कार्य अनिल श्रीवास्तव ने शानदार अंदाज में किया, जबकिसंपूर्ण सज-सज्जा एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सी.के. सिंह ने बखूबी निभाई। इसके अलावा नितिन



चावलानी, विशाल गुरूंग, डॉ. अशोक मिश्रा, सविता, राजेश शर्मा, मलय, जाह्नवी विक्रम सिंह, तथा रचना सहित अनेककलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# शहीद स्मारक में आज सजेगी मैलोडी नाइट

**नवभारत,जबलपुर।** महाकौशल शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आज शनिवार 23 मई को सुरों की अनूठीमहफिल का साक्षी बनेगा, जहां मैलोडी नाइट के रूप में एक यादगार संगीत संध्या आयोजित की जाएगी। गीतगाता चल और जस्सी संधु के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में भोपाल और जबलपुर केचुनिंदा फनकार अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसके निगम होंगे। गीत गाता चल केसंस्थापक लक्ष्मण सिंह और आयोजक एकता आर सिंह ने बताया कि संगीत प्रेमियों के लिए यह शाम सदाबहारगीतों और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सजी होगी। कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर असलम हमदुले की विशेष प्रस्तुति होगी।इस संगीत संध्या में पुराने दौर के अमर गीतों से लेकर दिल को छू लेने वाली प्रस्तुतियां सुनने को मिलेंगी। कार्यक्रम आज शाम 6.30 बजे से शुरू होगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से जंगली सुअर की मौत

**अनूपपुर, नवभारत 22 मई।** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक नर जंगली सुअर की मौत हो गई। घटना भोलगढ़ गांव स्थित पिंजरहा धार के समीप कुरियारी जंगल क्षेत्र में हुई।



सूचना मिलने पर वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार कुरियारी जंगल से निकलकर एक जंगली सुअर सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि जंगली सुअर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल को मिलने पर उन्होंने तत्काल वन विभाग को अवगत कराया और स्वयं भी घटनास्थल पहुंचे।

# भारतनेट के माध्यम से ग्रामीण भारत में डिजिटल क्रांति ला रहा है बीएसएनएल

**अनूपपुर, नवभारत।** ग्रामीण भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। भारतनेट परियोजना के माध्यम से बीएसएनएल गांव-गांव तक हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं पहुंचाकर डिजिटल इंडिया मिशन को गति दे रहा है। इस पहल के जरिए बीएसएनएल न केवल इंटरनेट सेवाओं का विस्तार कर रहा है, बल्कि स्थानीय उद्यमिता और रोजगार को भी बढ़ावा दे रहा है। बीएसएनएल वर्तमान में देश के 16 राज्यों में भारतनेट परियोजना का संचालन एवं रखरखाव कर रहा है। अब तक लगभग 6.94 लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाई जा चुकी है तथा 2.18 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ा जा चुका है। इसके साथ ही ग्रामीण भारत में 13 लाख से अधिक एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। बीएसएनएल द्वारा भारतनेट उद्यमी मॉडल को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में 7,700 से अधिक भारतनेट उद्यमी बीएसएनएल के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण युवाओं एवं स्थानीय उद्यमियों को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं।

# 8 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जैतहरी पुलिस ने गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8.207 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 56 हजार रुपये बताई जा रही है।



दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी अमर वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम लपटा-निगौरा मोड़ के पास पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान स्टेशन रोड की ओर से दो संदिग्ध व्यक्ति काले रंग के बैग लेकर आते दिखाई दिए। पुलिस वाहन को देखते ही दोनों भागने लगे, जिस पर टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया।

### स्थानीय संपर्कों की जांच में जुटी पुलिस

तलाशी के दौरान आरोपियों के बैग से गांजे के पैकेट बरामद हुए। पूछताछ में उनकी पहचान 53 वर्षीय रम्मू चढ़ार और 54 वर्षीय रामदयाल कुम्हार निवासी पाटन थाना क्षेत्र, जिला जबलपुर के रूप में हुई।

# जिज्ञासुओं के लिए तत्वबोध का अध्ययन

**नवभारत, जबलपुर।** श्री राम मंदिर, मदन महल में वेदान्त पाठ्यक्रम अंतर्गत 'तत्त्वबोध' की कक्षाएं प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को चल रही है। यह कार्यक्रम आज शाम 4 से 5.30 बजे तक आयोजित होगी जिसमे रिवीजन केपश्चात अनुबंध चतुष्टय एवं साधन चतुष्टय के विषय को समझाया जाएगा वही इन कक्षाओं में यह भी बताया जा रहा है कि हम भारतीय किसी भी कार्य की शुरुआत के समय अपने मन में जो पवित्र और उत्साह, उन्नति देने वालेभाव और क्रियाएं करते हैं, उसे ही मंगल आचरण कहते है। वही मंगल का अर्थ सम्पूर्ण भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति को दर्शाता है इसे ही अभ्युदय तथा नि:श्रेयश कहते है। इस कक्षा में यह भी कहा गया कि प्रात: काल से रात्रि शयनकाल तक मंगलाचरण शामिल कर अपने अपने जीवन में उसके प्रभाव का अवलोकन किया जा सकता है।

# सूचना के अधिकार कानून की उड़ रही धज्जियां

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में सूचना के अधिकार अधिनियम के पालन को लेकर प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाए गए इस कानून की अनदेखी खुद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा किए जाने के आरोप लग रहे हैं। मामला विकासखंड जैतहरी अंतर्गत शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चोलना से जुड़ा हुआ है, जहां सूचना मांगने के बावजूद आवेदक को जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

### निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी नहीं दी जानकारी

जानकारी के अनुसार आवेदक प्रदीप कुमार मिश्रा ने 11 सितंबर को लोक सूचना अधिकारी शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चोलना के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत 30 दिवस के भीतर जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य है, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी आवेदक को कोई सूचना नहीं दी गई।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

N.I.T.No.:/PWD/e-tendering/PRO/209 Date : 22/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_509048_1 Date-21/05/2026 | सं.क्र.-03 रामपुर अंतर्गत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्कूल के प्रथम फ्लोर में नवीन कमरे, हॉल, शौचालय व सीढ़ियों का निर्माण कार्य।(द्वितीय निविदा) | 04 माह<br>₹.23.56 लाख | ₹.5000/-<br>₹.17572/- | 05/06/2026 |
| 2 | 2026_UAD_509048_2 Date-21/05/2026 | सं.क्र.-03 रामपुर अंतर्गत दादा बाबूराव परांजपे वार्ड पंचशील नगर एवं अवधपुरी कालोनी में डामरीकरण कार्य।(तृतीय निविदा) | 03 माह<br>₹.28.31 लाख | ₹.5000/-<br>₹.21098/- | 05/06/2026 |
| 3 | 2026_UAD_509048_3 Date-21/05/2026 | सं.क्र.-03 रामपुर अंतर्गत गिरीराज किशोर कपूर वार्ड में सिद्धपीठ श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर मदन महल जबलपुर में सार्वजानिक स्थल पर बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य। (छटवीं निविदा)(CM Monit A+) | 02 माह<br>₹.5.92 लाख | ₹.2000/-<br>₹.5929/- | 28/05/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर



## भारत सरकार
## भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
## विज्ञापन संख्या 05/2026 (भर्ती R-V)

## संक्षिप्त सूचना

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट (एचबीएनआई) जो कि एक मानद् विश्वविद्यालय है, के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे निम्नलिखित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

**एम.एस.सी. के पश्चात रेडियोलॉजिकल भौतिकी में एक वर्ष का डिप्लोमा (रेडियोलॉजिकल भौतिकी में डिप्लोमा)**

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम की अवधि | 1 वर्ष (अगस्त 2026 में जुलाई 2027) |
| सीट की संख्या | 30 (05 तक प्रायोजित सहित) |
| आयु सीमा (आयु 01/08/2026 को) | (ए) सामान्य श्रेणी 26 वर्ष |
| | (ब) अन्य पिछड़ा वर्ग- 29 वर्ष |
| | (सी) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति- 31 वर्ष |
| | बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति आयु में अधिकतम 10 वर्ष की छूट के लिए पात्र हैं. शारीरिक रूप में अशक्त अभ्यर्थी जिनका निचला हिस्सा अशक्त है, परंतु जो खड़े होने में, चलने-फिरने में और शारीरिक रूप से पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हों, पर ही विचार किया जाएगा. |
| | प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 01/08/2026 को आयु सीमा 40 वर्ष है. |
| शैक्षणिक योग्यता | भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री (एमएससी भौतिकी) में समग्र अंक 60% में कम न हो और बी.एससी. स्नातक की डिग्री (मुख्य विषय के रूप में भौतिकी के साथ) के समग्र अंक 60% से कम न हो. इंटीग्रेटेड एमएससी (भौतिकी) करने वाले अभ्यर्थी जिनके समग्र अंक 60% से कम न हो, भी पात्र हैं. ग्रेड प्रणाली के मामले में, विश्वविद्यालय से प्राप्त, ग्रेड से अंक प्रतिशत का परिवर्तन पद्धति को दस्तावेज़ सत्यापन/साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें. |
| | ऐसे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं जिनका एमएससी (भौतिकी) का अंतिम परिणाम आना बाकी है परंतु वे अन्य रूप से पात्र हैं. उपरोक्त योग्यता के अलावा, प्रायोजित अभ्यर्थी को भारत में सरकारी संस्थान (व्यक्तिगत निगरानी सेवाओं द्वारा समर्थित) के रेडियोथैरेपी विभाग में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए. |
| वृत्तिका | रुपये 30,000/- प्रति माह (गैर-प्रायोजित अभ्यर्थी के लिए) |
| आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख | 10/06/2026 (बुधवार) |
| लिखित परीक्षा की तारीख | 28/06/2026 (रविवार) |

- आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे. ऑनलाइन आवेदन के लिए सुविधा दिनांक 20/05/2026 से दिनांक 10/06/2026 तक उपलब्ध रहेगी.
- इस विज्ञापन में संबंधित शुद्धि-पत्र/अनुशेष, यदि कोई हो, केवल बीएआरसी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा.
- आवेदन की सामान्य शर्तों एवं ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण हेतु कृपया वेबमाइट www.recruit.barc.gov.in पर जाएं.

सीबीसी48103/11/0004/2627